# भारतीय अर्थव्यवस्था

## आर्थिक नियोजन एवं राष्ट्रीय आय/बजट

**1. संघ सरकार के वित्त में नवीनतम विकास के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**1. महामारी वित्तीय वर्ष 21 के दौरान संघ सरकार का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 9.2 प्रतिशत तक पहुँच गया था।**

**2. वित्तीय वर्ष 22 में राजकोषीय घाटा कम होकर सकल घरेलू उत्पाद का 7.7 प्रतिशत हो गया है।**

**3. पिछले दो वर्षों में राजस्व संग्रह कम हो गया है।**

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) 1 और 2

(c) 2 और 3 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (a) :** • आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार, महामारी वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान संघ सरकार का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का 9.2 प्रतिशत था। जबकि यह वित्तीय वर्ष 2021-22 तथा 2022-23 में क्रमशः 6.7 प्रतिशत (संशोधित अनुमान) तथा 6.4 प्रतिशत (बजट अनुमान) है।
• बजट 2023-24 के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में राजस्व प्राप्तियाँ क्रमशः 2169905 करोड़ रुपये (वास्तविक), 2348413 करोड़ रुपये (संशोधित अनुमान) एवं 2632281 करोड़ रुपये (बजट अनुमान) है। इस प्रकार पिछले दो वर्षों में राजस्व संग्रह में वृद्धि हुई है।

**2. केन्द्र सरकार के गैर-योजना व्यय के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) व्यय, ब्याज भुगतान पर होता है।

(b) व्यय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर होता है।

(c) व्यय, कृषि पर होता है

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (a) :** गैर-योजनागत व्यय सरकार द्वारा गैर-उत्पादक क्षेत्रों जैसे वेतन, सब्सिडी, ऋण और ब्याज, पेंशन, राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की सरकारों को वैधानिक हस्तांतरण पर खर्च की जाने वाली राशि है। गैर-योजनागत व्यय का सबसे बड़ा हिस्सा ब्याज भुगतान और ऋण चुकाने में खर्च होता है। केन्द्रीय बजट 2023-24 में ब्याज भुगतान पर किए जाने वाली खर्च की राशि 10, 79, 971 करोड़ रुपये है जो कुल व्यय का लगभग 20 प्रतिशत है।

**3. आर्थिक सर्वेक्षण, 2023 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की प्रवृत्ति का वर्णन करता/करते हैं?**

**1. निजी क्षेत्र की कम भागीदारी के कारण इसमें कमी आई है।**

**2. महामारी से पहले के स्तर की तुलना में इसमें वृद्धि हुई।**

**3. टेलीकॉम सेक्टर में पूरी तरह से सुधार होने के बाद किसी भी वित्तीय वर्ष में बिना घटे इसमें तेजी से बढ़ोतरी हुई।**

**4. कमजोर वैश्विक आर्थिक स्थिति के कारण इसमें कमी आई है।**

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) केवल 1 और 3 (b) 2 और 4

(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 4

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (d) :** आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के बीच वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) में समग्र गिरावट आई है। हाँलाकि, अन्तर्वाह (Inflow) पूर्व महामारी के स्तर से काफी उपर रहा जो संरचनात्मक सुधारों और व्यापार करने में आसानी में सुधार के उपायों से प्रेरित था। जिससें भारत दुनियाँ में सबसे आकर्षक एफडीआई (FDI) गन्तव्यों में से एक बना।
• UNCTAD की विश्व निवेश रिपोर्ट ने अपनी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सेवा क्षेत्र की सूची में भारत को वर्ष 2021 में शीर्ष 20 मेजबान देशों में सातवें सबसे बड़े प्राप्तकर्त्ता के रूप में दर्शाया है। किन्तु वित्त वर्ष 2022 में भारत को सेवा क्षेत्र में 7.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की FDI इक्विटी प्रवाह सहित 84.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर की उच्चतम FDI अन्तर्वाह प्राप्त हुई।
• प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) और विदेशी पोर्ट फोलियो निवेश (FPI) से मिलकर विदेशी निवेश पूंजीगत घाटे का सबसे बड़ा घटक है। वित्त वर्ष 2023 की पहली छमाही में निवल (FDI) प्रवाह 20 बिलियन अमेरिकी डॉलर था जो कि वित्त वर्ष 2022 की इसी अवधि के 20.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर से कम है।
• रूस-यूक्रेन और संयुक्त राज्य अमेरिका (फेडरल रिज़र्व) द्वारा आक्रामक मौद्रिक नीति को कड़ा करने के नतीजों ने वैश्विक वित्तीय बाजार में अस्थिरता को बढ़ा दिया जिससे विदेशी पोर्ट फोलियो निवेश का निवल वहिर्वाह (आउट फ्लो) हुआ। अप्रैल-दिसम्बर, 2022 के दौरान 2.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवल आउटफ्लो दर्ज किया गया, जबकि एक साल पहले 0.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का आउट फ्लो हुआ था।

**4. 'स्वामित्व' योजना के सम्बन्ध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

**1. यह खान मन्त्रालय के दायरे में कार्यरत एक केन्द्रीय क्षेत्रक योजना है**

**2. यह योजना सी.ओ.आर.एस. नेटवर्क की तरह जियोपोजिशनिंग इफ्रास्ट्रक्चर को पाँच सेन्टीमीटर तक की सटीकता प्रदान करने योग्य मानक बनाने का प्रयास कर रही है।**

**3. सी.ओ.आर.एस. का मतलब क्रॉस-ओरिजिन रिसोर्स शेयरिंग है।**

**4. यह योजना ड्रोन तकनीक का उपयोग कर भूमि के छोटे-छोटे खण्डों का नक्शा तैयार करके ग्रामीण बस्तियों (आबादी) के क्षेत्रों में संपत्ति का स्पष्ट स्वामित्व स्थापित करने के लिए एक सुधारात्मक पहल प्रदान करती है।**

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन गलत हैं?**

(a) 2 और 4 (b) 1 और 3

(c) 2 और 3 (d) 1 और 4

**69th BPSC (Pre) 2023**

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**Ans. (b) :**
- स्वामित्व योजना पंचायती राज मंत्रालय के दायरे में कार्यरत एक केन्द्रीय क्षेत्रक योजना है। इसे पंचायती राज मंत्रालय, राज्य राजस्व विभाग, राज्य पंचायती राज विभाग और भारतीय सर्वेक्षण विभाग के सहयोगात्मक प्रयासों से कार्यान्वित किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर 24 अप्रैल, 2021 को इस योजना का शुभारंभ किया गया था जबकि पायलट चरण के लिए यह 24 अप्रैल, 2020 को लांच हुई थी।
- यह योजना ड्रोन तकनीक का प्रयोग कर भूमि के छोटे-छोटे खण्डों का नक्शा तैयार करके ग्रामीण बस्तियों (आबादी) के क्षेत्रों में संपत्ति को स्पष्ट स्वामित्व स्थापित करने के लिए एक सुधारात्मक पहल प्रदान करती है।
- यह योजना सी. ओ. आर. एस. (CORS) नेटवर्क की तरह जियोपोजिशनिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को पाँच सेन्टीमीटर तक की सटीकता प्रदान करने योग्य मानक बनाने का प्रयास कर रही है।
- सी. ओ. आर. एस. (CORS) का मतलब सतत संचालन संदर्भ स्टेशन (Continuously Operating Reference Station) नेटवर्क है।

**5. उत्पादन-सम्बद्ध प्रोत्साहन (पी.एल.आइ.) योजना के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

**1. यह योजना घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और मोबाइल फोन विनिर्माण तथा निर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिक घटकों में बड़े निवेश को आकर्षित करने के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन की पेशकश करती है।**

**2. इस योजना में आवेदकों की दो श्रेणियाँ हैं, वैश्विक कम्पनियाँ और घरेलू कम्पनियाँ।**

**3. यह योजना पात्र कम्पनियों को छः वर्षों की अवधि के लिए भारत में निर्मित और लक्ष्य श्रेणी में शामिल वस्तुओं की शुद्ध वृद्धिशील बिक्री (आधार वर्ष पर) पर लगभग 8% का औसत प्रोत्साहन प्रदान करती है।**

**4. पी.एल.आइ. के तहत लक्ष्य श्रेणी में (i) लैपटॉप, (ii) टैबलेट, (iii) ऑल-इन-वन पी. सी. (iv) सर्वर और (v) अल्ट्रा-स्मॉल फॉर्म फैक्टर (यू.एस.एफ.एफ.) शामिल होंगे।**

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन गलत हैं?**

(a) 1 और 4 (b) 2 और 4
(c) 1 और 3 (d) 2 और 3

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (d) :**
- उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पी.एल.आई.) योजना घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण के लिए 1अप्रैल, 2020 को अधिसूचित की गई। यह योजना घरेलू इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने और बड़े निवेश को आकर्षित करने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है।
- यह योजना पात्र कंपनियों को पाँच वर्षों की अवधि के लिए विनिर्मित वस्तुओं की वृद्धिशील बिक्री (आधार वर्ष 2019-20) पर 4% से 6% प्रोत्साहन प्रदान करती है। इसमें मोबाइल फोन और निर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिक घटक शामिल हैं।
- पी एल आई के तहत दो लक्ष्य खण्ड (Target segment) मोबाइल फोन और निर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिक घटक हैं। निर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिक घटक के अन्तर्गत SMT घटक, ट्रांजिस्टर सहित असतत अर्धचालक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक अनुप्रयोग, मुद्रित सर्किट बोर्ड (PCB) आदि शामिल है।

**6. भारत और 1929 में प्रारम्भ हुई महामंदी के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) मंदी ने भारतीय व्यापार को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया।
(b) मंदी ने भारतीय खेतिहरों, किसानों, आयात एवं निर्यात को प्रतिकूलता से प्रभावित किया।
(c) मंदी का भारत पर प्रभाव संकेत करता है कि 20वीं सदी के प्रारम्भ में, विश्व अर्थव्यवस्था कैसे एकीकृत हो गयी थी।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper II) Shift-1**

**Ans. (d) :** 1929 ई. के प्रारम्भ में वैश्विक महामंदी का असर विश्व समेत भारत पर भी पड़ा। महामंदी काल के दौरान तत्कालीन ब्रिटिश भारत को वैश्विक व्यापार में आयात में 47 फीसदी तथा निर्यात में 49 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। महामंदी का सर्वाधिक प्रभाव किसानों, काश्तकारों पर पड़ा था।

**7. The name of the Clusteroriented Rural Development Scheme is/क्लस्टर- आधारित गाँवों के विकास की योजना का नाम है।**

(a) Deendayal Upadhyaya Rurban Mission/ दीनदयाल उपाध्याय रुर्बन मिशन
(b) Dr. Shyama Prasad Mukherjee Rurban Mission/डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन
(c) Atal Bihari Vajpayee Rurban Mission/अटल बिहारी वाजपेयी रुर्बन मिशन
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 14/12/2023 Paper-I**

**Ans. (b):** क्लस्टर-आधारित गाँवों के विकास की योजना का नाम ''डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन'' है। इस मिशन को वर्ष 2016 में प्रस्तावित किया गया था। जिसका उद्देश्य आर्थिक, सामाजिक और वास्तविक अवसंरचनात्मक सुविधाओं की व्यवस्था करके समस्त ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना है। इस मिशन के अंतर्गत 14 वांछित घटकों की सिफारिश की गई है।

## कृषि उद्योग एवं व्यापार एवं आधारभूत संरचना

**8. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :**

| सूची-I (कपड़ा) | | सूची-II (उत्पत्ति) | |
|---|---|---|---|
| a. | लिनेन | 1. | नारियल का पौधा |
| b. | जटा (कॉयर) | 2. | सन का पौधा |
| c | मोहायर | 3. | बत्तख और गीज़ के पंख |
| d. | डाउन | 4. | अंगोरा बकरी |

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (c) :** सही सुमेलन है।

| सूची-I (कपड़ा) | सूची-II (उत्पत्ति) |
|---|---|
| (a) लिनेन | - सन का पौधा |
| (b) जटा (कॉयर) | - नारियल का पौधा |
| (c) मोहायर | - अंगोरा बकरी |
| (d) डाउन | - बत्तख और गीज़ के पंख |

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

## मुद्रा/बैंकिंग एवं कर प्रणाली, केन्द्र राज्य वित्तीय सम्बन्ध

**9. भारतीय मुद्रा के किस नोट के पीछे की ओर मंगलयान का चित्र मुद्रित है?**
(a) 50 रुपये के नोट पर
(b) 10 रुपये के नोट पर
(c) 2000 रुपये के नोट पर
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (c) :** भारतीय मुद्रा के 2000 रूपये के नोट के पीछे की तरफ मंगलयान का चित्र मुद्रित है। वही ₹ 50 हम्पी, ₹ 100 रानी की बाव, ₹ 200 सांची का स्तूप और ₹ 500 की नोट पर लाल किला मुद्रित है।

**10. निम्नलिखित में से कौन-से कारक संभावित रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीतिजनित मंदी में योगदान कर सकते हैं?**
**1. सरकारी खर्च में वृद्धि के कारण उच्च मुद्रास्फीति दबाव**
**2. औद्योगिक उत्पादन में गिरावट और आर्थिक विकास में सुस्ती**
**3. कुल माँग और उपभोक्ता खर्च में कमी**
**4. घरेलू मुद्रा की वृद्धि के कारण निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में कमी**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (d):** मुद्रा स्फीतिजनित मंदी (Stagflation) से तात्पर्य एक ऐसी स्थिति से है जिसमें कीमतों में एक साथ वृद्धि (Simultaneous Increase) और आर्थिक विकास में ठहराव होता है। इसे अर्थव्यवस्था में एक ऐसी स्थिति के रूप में वर्णित किया जाता है जहाँ विकास दर धीमी हो जाती है, बेरोजगारी का स्तर लगातार ऊँचा बना रहता है और मुद्रास्फीति या कीमत स्तर ऊँचा रहता है। भारतीय अर्थव्यवस्था में निम्नलिखित कारक संभावित रूप से मुद्रास्फीतिजनित मंदी में योगदान कर सकते हैं-
- आमतौर पर कम विकास की स्थिति में केन्द्रीय बैंक और सरकारे मांग पैदा करने के लिए उच्च सार्वजनिक व्यय और कम ब्याज दरों के माध्यम से अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने का प्रयास करती है जिससे किमतें बढ़ती है और मुद्रा स्फीति का कारण बनती है।
- औद्योगिक उत्पादन में गिरावट और आर्थिक विकास में सुस्ती मुद्रास्फीति जनित मंदी में योगदान करते है। औद्योगिक उत्पादन में गिरावट से वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति में कमी के कारण कीमतों में वृद्धि होती है। साथ ही औद्योगिक उत्पादन में गिरावट से आर्थिक विकास में गिरावट आती है जिससे आर्थिक विकास की गति धीमी पड़ जाती है। इस प्रकार यह स्थिति मुद्रास्फीति जनित मंदी में योगदान देती है।

**11. दिवाला और शोधन अक्षमता के सम्बन्ध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**1. शोधन अक्षमता से तात्पर्य उस वित्तीय स्थिति से है, जिसमें कोई व्यक्ति या संस्था बकाया होने पर अपने ऋणों का भुगतान करने में असमर्थ होता है।**
**2. दिवाला एक कानूनी प्रक्रिया को सन्दर्भित करता है, जहाँ देनदार की सम्पत्ति लेनदारों के लाभ के लिए समाप्त या पुनर्गठित की जाती है।**
**3. शोधन अक्षमता एक अवस्था है, जबकि दिवाला निष्कर्ष है।**
**4. भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आई.बी.बी.आई.) दिवाला और शोधन अक्षमता कार्यवाही की देखदेख के लिए जिम्मेदार नियामक निकाय है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) केवल 4
(d) केवल 1 और 2

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (c) :** दिवाला से तात्पर्य उस वित्त से है जिसमें कोई व्यक्ति या संस्था बकाया होने पर अपने ऋणों का भुगतान करने में असमर्थ होता है। दिवालियापन एक कानूनी प्रक्रिया को संदर्भित करता है जहाँ देनदार की संपत्ति लेनदारों के लाभ के लिए समाप्त या पुनर्गठित की जाती है।
- दिवाला (Insolvency) से तात्पर्य संकट की वित्तीय स्थिति से है जिसमें ऋण भुगतान व वित्तीय दायित्वों को पूरा करने के लिए नकदी की कमी होती है।
- दिवाला (Insolvency) एक अवस्था है, जबकि दिवालियापन (Bankruptcy) एक निष्कर्ष है।

**12. आर.बी.आइ. के विदेशी मुद्रा भंडार (एफ.ई.आर.) में, निम्नलिखित में से कौन-से शामिल हैं?**
**1. विदेशी मुद्रा परिसम्पत्तियाँ (एफ.सी.ए.)**
**2. सोना**
**3. विशेष आहरण अधिकार (एफ.डी.आर.)**
**4. आरक्षित किश्त स्थिति**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (d) :** आर.बी.आई. के विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा परिसम्पत्तियां, सोना, विशेष आहरण अधिकार, आरक्षित किश्त स्थिति (IMF) शामिल है। ये किसी देश की अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक स्थिति का एक महत्वपूर्ण भाग है।

## भारतीय कृषि

**13. Which of the following crops can *not* be cultivated in river?/निम्न में से किस फसल को नदी में नहीं उगाया जा सकता?**
(a) Water chestnut/सिंघाड़ा
(b) Lotus/कमल
(c) Fox nut/मखाना
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans.** (e): उपर्युक्त दिये गये विकल्पों में से सिंघाड़ा, कमल तथा मखाना नदी में उगाया जा सकता है। अतः दिये गये विकल्पों में से कोई उत्तर सही नहीं है।

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**14. केन्द्र सरकार ने 'अटल भूजल योजना' की समयावधि को बढ़ाया है**

(a) 2025 तक (b) 2027 तक

(c) 2030 तक (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (b) :** अटल भूजल योजना (अटल जल) को 25 दिसंबर, 2019 में शुरु किया गया है। इसमें भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय और विश्व बैंक की भागीदारी 50 : 50 की हैं। इसके लिए ₹ 6000 करोड़ का वित्त आबंटन किया गया है। इस योजना की समयावधि वर्ष 2020 से 2025 तक थी किन्तु वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण योजना की समयावधि बढ़ाकर वर्ष 2027 तक कर दिया गया।

**15. Which State is the largest producer of pearl millet (Bajra)?**
**कौन-सा राज्य सर्वाधिक बाजरा उत्पादित करता है?**

(a) Haryana/हरियाणा

(b) Rajasthan/राजस्थान

(c) Punjab/पंजाब

(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 14/12/2023 Paper-I**

**Ans. (b) :** भारत का राजस्थान राज्य सर्वाधिक बाजरा उत्पादित करता है। देश के कुल बाजरा उत्पादन मे ंसे राजस्थान कुल उत्पादन का लगभग 45 प्रतिशत 42.81 लाख टन (2023-24) उत्पादन हुआ है। बाजरा का उत्पादन लगभग देश के सभी राज्यों में किया जाता है, लेकिन देश के सिर्फ सात राज्य क्रमश: राजस्थान, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात और मध्य प्रदेश 85% प्रतिशत बाजरे का उत्पादन करते हैं। बाजरा एक ऐसी फसल है जिसे मानव और पशु दोनों के लिए उगाया जाता है।

**16. Which State of India is the highest producer of Millets?/भारत का कौन-सा राज्य मोटा अनाज का सबसे बड़ा उत्पादक है?**

(a) Rajasthan/राजस्थान

(b) Maharashtra/महाराष्ट्र

(c) Tamil Nadu/तमिलनाडु

(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 10/12/2023 (Paper-III)**

**Ans. (a) :** आर्थिक समीक्षा 2023-24 के अनुसार कुल मोटा अनाज उत्पादन में अग्रणी राज्य क्रमशः कर्नाटक राजस्थान (8.03 मिलियन टन), कर्नाटक (7.61 मिलियन टन), मध्य प्रदेश (5.49 मिलियन टन), है।

## विविध

**17. The thorough economic liberalisation in India initiated from which of the following years ? भारतवर्ष में सम्पूर्ण आर्थिक उदारीकरण निम्न में से किस वर्ष प्रारम्भ था?**

(a) After 1991/1991 के पश्चात

(b) After 2001/2001 के पश्चात

(c) After 1981/1981 के पश्चात

(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans.** (a): भारतवर्ष में सम्पूर्ण आर्थिक उदारीकरण नीति 1991 में प्रधानमंत्री पी.वी नरसिम्हा राव और उनके तत्कालीन वित्तमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा लागू की गई थी। भारत में आर्थिक उदारीकरण से तात्पर्य देश की आर्थिक नीतियों में सरकार द्वारा न्यूनतम हस्तक्षेप से है। जिसका उद्देश्य अर्थव्यवस्था को अधिक बाजार उन्मूक बनाना और निजी एवं विदेशी निवेश की भूमिका का विस्तार करना है। 1991 से पहले सरकार, ने घरेलू अर्थव्यवस्था में निजी उद्यानों पर कई प्रकार के नियंत्रण लगाई थी।

**18. विश्व आर्थिक मंच (World Economic Forum) के संस्थापक कौन थे, जिसकी 54वीं वार्षिक बैठक जनवरी 2024 में दावोस, स्विट्जरलैंड में हुई थी?**

(a) पियरे वर्नर (b) बोर्गे ब्रेंडे

(c) क्लॉस श्वाब (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 6-8 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (c) :** विश्व आर्थिक मंच के संस्थापक जर्मन प्रोफेसर क्लॉस श्वाब है। इन्होंने वर्ष 1971 में जिनेवा, स्विट्जरलैंड में इसकी स्थापना की। इसकी 54 वीं वार्षिक बैठक 15-19 जनवरी, 2024 को दावोस में आयोजित की गयी। स्विट्जरलैण्ड सरकार द्वारा इसे सार्वजनिक-निजी भागीदारी के अंतर्राष्ट्रीय संस्था के रूप में मान्यता दी गयी है।

**19. 'स्वच्छ भारत मिशन' कब प्रारम्भ हुआ?**

(a) 2 अगस्त, 2015 (b) 2 सितंबर, 2016

(c) 2 अक्टूबर, 2014 (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (c) :** स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत 2 अक्टूबर, 2014 को एक राष्ट्रीय आंदोलन के तौर पर शुरु किया गया।

**20. वैश्वीकरण और भारत पर इसके प्रभाव के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य नहीं है?**

(a) इसने वस्तुओं और सेवाओं में व्यापार का विस्तार किया है।

(b) इससे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह बढ़ा है।

(c) निर्यात में वृद्धि, आयात में वृद्धि से अधिक है।

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (c) :** आर्थिक सुधार अवधि में भारत पर वैश्वीकरण का निम्नलिखित प्रभाव पड़ा है-

(1) इसने वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार में विस्तार किया है। कुल GDP के अनुपात के रूप में वस्तु और सेवा व्यापार वर्ष 1990 के 17.2 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2000 में 30.6 प्रतिशत तथा वर्ष 2021 में 46 प्रतिशत एवं 2022 की पहली छमाही में 50 प्रतिशत हो गया है।

(2) पिछले दशक के दौरान भारत में सकल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) प्रवाह में स्पष्ट संरचनात्मक बदलाव आया है। भारत की सकल FDI वित्त वर्ष 2005-14 के दौरान जीडीपी के 2.2 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2015-22 में 2.6 प्रतिशत हो गया

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

है। वित्त वर्ष 2022 में 84.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर का उच्चतम वार्षिक सकल FDI प्रवाह दर्ज किया गया।

(3) वर्ष 1990-91 में निर्यात में प्रतिशत वृद्धि दर जहाँ 9.2 थी वहीं 2000-01 तथा 2018-19 में क्रमशः 20.0% तथा 8.8% थी जबकि इसी अवधि में आयात में प्रतिशत वृद्धि दर क्रमशः 13.5%, 0.5% एवं 10.4% रही। इस प्रकार इन अवधियों में आयात एवं निर्यात की वृद्धि दर घटती-बढ़ती रही है। वर्ष 2021 में जहाँ विश्व पण्य और सेवा निर्यात निष्पादन में भारत की हिस्सेदारी 2.2% रही है। वही इसके आयात में भारत की हिस्सेदारी 2.7% रही।

**21. औद्योगिक नीति संकल्प किस वर्ष अपनाया गया?**

(a) 1956 (b) 1954
(c) 1952 (d) 1950

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (a):** औद्योगिक नीति की संकल्प वर्ष 1956 में अपनाया गया। इसे पहली औद्योगिक नीति-1948 के स्थान पर अपनाया गया था। इस नीति की विशेषताएँ इस प्रकार थीं-
- उद्योगों का नया वर्गीकरण।
- निजी क्षेत्र के लिए गैर-भेदभावपूर्ण और निष्पक्ष व्यवहार
- ग्रामीण और लघु उद्योगों को बढ़ावा देना।
- क्षेत्रीय विषमताओं को दूर कर विकास प्राप्त करना
- श्रम कल्याण

**22. एक अवधारणा के रूप में मानव पूँजी निर्माण की बेहतर व्याख्या एक प्रक्रिया के सन्द्रर्भ में की जाती है, जो सक्षम बनाती है**

**1. किसी देश के व्यक्तियों द्वारा अधिक पूँजी संचय करने को**
**2. ज्ञान में वृद्धि करने को**
**3. कौशल स्तरों में वृद्धि करने को**
**4. देश के लोगों के ज्ञान, कौशल स्तरों और क्षमताओं में वृद्धि करने को**

**नीचे दिए गऐ कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) केवल 1 (b) 1 और 4
(c) 3 और 4 (d) केवल 4

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (d) :** मानव पूँजी निर्माण शब्द का तात्पर्य देश की जनसंख्या के बीच क्षमताओं और कौशल के विकास से है। देश के लोगों के ज्ञान कौशल स्तरों और क्षमताओं में वृद्धि करने को मानव पूँजी निर्माण को प्रस्तुत करता है। मानव पूँजी निर्माण मनुष्य में निवेश और एक रचनात्मक और उत्पादक संसाधन के रूप में उसके विकास से प्राप्त है।

**23. 'उत्पत्ति के नियम' के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**1. उत्पत्ति के नियम किसी उत्पाद के राष्ट्रीय स्त्रोत को निर्धारित करने के लिए आवश्यक मानदण्ड हैं।**
**2. उत्पत्ति के नियम कस्टम एजेंसियों को यह जानने में मदद करते हैं कि किसी दिए गए उत्पाद पर कौन-से नियम और कौन-से शुल्क लागू होते हैं।**
**3. इनका उपयोग व्यापार सांख्यिकी के प्रयोजन के लिए किया जाता है।**
**4. उनका महत्व इस तथ्य से प्रमाणित होता है कि कई मामलों में कर और प्रतिबन्ध आयातों के स्त्रोतों पर निर्भर करते हैं।**

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) उपर्युक्त सभी

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (d) :** उत्पत्ति के नियम किसी उत्पाद के राष्ट्रीय स्त्रोत को निर्धारित करने के लिए आवश्यक मानदण्ड है। यह कस्टम एजेंसियों के उत्पाद नियम और शुल्क के बारे जानकारी प्रदान करता है। इसका उपयोग व्यापार सांख्यिकी के प्रयोजन के लिए किया जाता है। इसका महत्व कई मामलों में कर और प्रतिबंध आयातों के स्त्रोतों पर निर्भर करता है।

**24. 'अन्नपूर्णा योजना' राशन कार्ड किसके लिए है ?**

(a) वृद्ध व गरीब लोग, जो 65 वर्ष से अधिक के हों।
(b) गरीबी रेखा के ऊपर वाले परिवार
(c) गरीबी रेखा के नीचे वाले परिवार
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023(Paper- II) Shift-2**

**Ans. (a) :** अन्नपूर्णा राशन कार्ड योजना के अन्तर्गत 65 वर्ष से अधिक आयु के गरीबों को जिन्हे वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिलती है उन्हें इस योजना के अन्तर्गत शामिल किया गया है। ऐसे लोगों को प्रतिमाह 10 किलोग्राम खाद्यान्न प्रदान किया जाता है। इस योजना का क्रियान्वयन ग्रामीण विकास मंत्रालय के द्वारा किया जा रहा है।

**25. 'सर्व शिक्षा अभियान' किसने प्रारंभ किया ?**

(a) इन्दिरा गाँधी (b) नरसिम्हा राव
(c) अटल बिहारी वाजपेयी (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023(Paper- II) Shift-2**

**Ans. (c) :** 'सर्व शिक्षा अभियान' की शुरूआत वर्ष 2001 में तात्कालिन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया गया था। इस अभियान का उद्देश्य 6-14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा प्रदान करना था।

**26. ऐंगस मेडिसन की पुस्तक, दि वर्ल्ड इकोनॉमी : हिस्टोरिकल स्टैटिस्टिक्स के अनुसार, प्राचीन काल में भारत का विश्व जी.डी.पी. (पी.पी.पी.) में कितने प्रतिशत का अंशदान था?**

(a) 32% (b) 20% (c) 12%
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper II) Shift-1**

**Ans. (a) :** ऐंगस मेडिसन प्रतिष्ठित ब्रिटिश अर्थशास्त्री थे जो आर्थिक वृद्धि और विकास के माप एवं विश्लेषण के विशेषज्ञ थे। इन्होंने अपनी पुस्तक 'दि वर्ल्ड इकोनॉमीः हिस्टोरियल स्टैस्टिक्स' में कहा है कि प्रथम शताब्दी में भारत की जी.डी.पी. विश्व के कुल जी.डी.पी. का 32.9% थी तथा 1000 ई. में 28% एवं 17वीं शताब्दी में 24% थी।

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com